अभ्यास कार्य पत्र

विषय : हिन्दी कक्षा : पाँच दिनांक : -------------------

नाम : ------------------------------------ वर्ग : --------------

---

प्र.(१) नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

आज ईद का चाँद दिखाई देने वाला था ।सलीम अपनी आँखें आसमान में गड़ाए हुए था । अचानक उसे चाँद नज़र आ गया । वह दौड़ता हुआ अपनी माँ के पास आकर बोला, "अम्मी-अम्मी, कल ईद होगी न! देखिए चाँद दिख गया!" माँ ने मुसकुराते हुए कहा। "हाँ, कल ईद होगी ।" सलीम बोला,"अम्मी, मेरे नए जूते अभी तक नहीं आए । आपने कहा था कि ईद से पहले दिला देंगी ।" यह सुनकर माँ उदास हो गई । सलीम के पिता की मृत्यु के बाद वे किसी-न-किसी तरह अपने लाड़ले बेटे की हर ज़रूरत को पूरी कर रही थीं । इस ईद पर नए कपड़े तो जैसे-तैसे मिल गए थे, लेकिन वह जूते कहाँ से लाए ? माँ की आँखों से आँसू टपक पड़े । उसको रोता देखकर सलीम बोला,"अम्मी, आप रोने लगीं! मुझे नहीं चाहिए ऐसे जूते ।"

(क) सलीम को आसमान में क्या नज़र आया ?

(ख) सलीम को ईद पर क्या मिला था ?

(ग) अम्मी क्यों उदास हो गई ?

(घ) सलीम ने क्यों कहा कि मुझे जूते नहीं चाहिए ?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

प्र.(२) नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -

(क) साँप

(ख) मित्र

(ग) चंद्रमा

(घ) ईश्वर

(ङ) कपड़ा

प्र.(३) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

(क) जीवन

(ख) आदर

(ग) स्वतंत्र

(घ) विद्वान

(ङ) स्वच्छ

प्र.(४) नीचे दिए गए शब्दों के भिन्नार्थक शब्द लिखिए-

(क) ग्रह, गृह

(ख) कोष, कोश

(ग) दिशा, दशा

(घ) शोक, शौक

प्र.(५) "वातावरण में प्रदूषण का बढ़ता प्रभाव " इस विषय पर अपने विचार ५० से ६० शब्दों में अनुच्छेद के रूप में लिखिए ।